तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 29 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

बच्चों को अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना जरूरीः साक्षी

4



खबर संक्षेप

सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक कल

जांजगीर-चांपा। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

बिर्रा में जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता 10 को

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में 10 नवंबर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता रखा गया है। इस कार्यक्रम के संबंध में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉक्टर कुश पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष प्रजापति फिल्म अभिनेता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मोहन कुमारी साहू, राजू कश्यप, रितेश रमन सिंह आदि होंगे। जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

कृषि विज्ञान केंद्र में पी.एम. किसान उत्सव दिवस का आयोजन कल

जांजगीर-चांपा। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर को कृषि विज्ञान केंद्र में पी.एम. किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया कि योजना के तहत जिले के 121359 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से केंद्र शासन द्वारा कुल 24.75 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान उत्सव दिवस के साथ गेंदा महोत्सव भी मनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त विकासखंड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालयों तथा ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायतों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को योजना की जानकारी दी जाएगी।

14 लीटर महुआ शराब जब्त, दो शराब कारोबारी जेल निरुद्ध

मालखरौदा। आबकारी वृत्त मालखरौदा में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से कुल 14 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया है। इस दौरान मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मालखरौदा में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मालखरौदा थाना मालखरौदा में संदीप कुमार कुर्रे द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना पर टीम ने उसके रहवासी मकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के कमरे में रखे एक अल्पपारदर्शी प्लास्टिक बोतल में भरी 2 लीटर एवं पीले रंग की प्लास्टिक जरीकेन में 5 लीटर, कुल मात्रा 7 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह ग्राम बुंदेली चौकी अड़भार में मुखबिर से मदिरा विक्रय की तत्काल सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जयशंकर सतनामी के रहवासी मकान से एक प्लास्टिक जरीकेन व प्लास्टिक बॉटल में भरी कुल मात्रा 7 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया। बाद में दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया।

डिजीटल क्रॉप सर्वे में त्रुटियों की भरमार, विशेष ग्रामसभा बुलाकर करेंगे समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्योत्सव के दिन से अगले पांच दिनों तक होगा संशोधन

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के खेतों के कराए गए डिजीटल क्रॉप सर्वे में त्रुटियों की भरमार को देखते हुए ग्रामसभा में इसका समाधान करने का निर्णय लिया गया है। बताया जाता है कि राज्य शासन से मिले आदेश के तहत जिला स्तर पर आदेश जारी करके सभी ग्राम पंचायतों में 1 से 5 नवंबर तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान किसानों की जो भी समस्याएं होगी, भौतिक सत्यापन करके उसका निराकरण करना है। इसको लेकर जिले में आदेश जारी किया गया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी को अब बमुश्किल दो सप्ताह का समय ही शेष रह गया है। वहीं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पूर्व होने वाले किसान पंजीयन, डिजीटल क्रॉप सर्वे जैसे कार्यों में जिले के विभागीय अमले ने जिस तरह से लापरवाही की है, उसका परिणाम सामने आ रही त्रुटियों और किसानों की आपत्तियों के साथ दिखने लगा है। डिजीटल क्रॉप सर्वे और पीवी एप के कार्यों में बहुत से किसानों का रकबा छूट गया है तो वहीं पीवी ऐप के मेप में जिले के कोसला गांव के किसान की जमीन जिला और राज्य ही नहीं देश की सीमा पार कर अटलांटिक महासागर तक पहुंच गया। इसके अलावा गिरदावरी में भी त्रुटियों की भरमार है। कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में जहां मुख्यतः धान की फसलें ही ली जाती है, वहां कई किसानों के खेतों में अन्य फसल दिखाया जा रहा है। इधर इस तरह की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन द्वारा इसके समाधान के लिए ग्रामसभा आयोजित करने के आदेश दिए गए है। कार्यालय आयुक्त भू अभिलेख रायपुर से जारी पत्र के आधार पर 1 नवंबर से 5 नवंबर तक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आयोजित करना है, जहां सोसायटी माडयूल से पंजीकृत किसान जिनके द्वारा धान बिक्री किया जाना है, उन खसरा नंबरों का वाचन और उसमें कौन सी फसल लगाई गई है इसका वाचन किया जाएगा। इस दौरान सूची भी चस्पा की जाएगी। साथ ही इसको लेकर मुनादी कराने भी कहा गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि को लेकर आपत्ति मिलने पर संबंधितों द्वारा मौका सत्यापन करके उसका समाधान किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक जिले में इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत सीईओ, सभी एसडीएम, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, सभी तहसीलदारों को आदेश जारी करके 1 से 5 नवंबर तक पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आहूत करके इस समस्या का समाधान करने कहा गया है।

खास बातें

- ग्राम पंचायतों में पढ़कर सुनाएंगे किसानों के नामों की सूची
- पंजीकृत खसरों में डिजीटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से दर्ज फसल का विवरण भी बताएंगे
- आपत्तियां मिलने पर मौका सत्यापन के साथ करेंगे समाधान



पूरे दिन होती रही बारिश, तेज हवाओं से सो रही खड़ी फसलें

अर्नब तूफान का कहर धान की फसलों पर किसानों की मेहनत पर फिर ना जाए पानी



बारिश और तेज हवाओं के चलते सिवनी के खेत में गिरी धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अर्नब तूफान के असर से जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। बुधवार 28 अक्टूबर को सुबह से लेकर देर शाम तक पूरे दिन रुक-रुक कर झमाझम बारिश होती रही। दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं हुए। सुबह से हो रही बारिश से दिन के तापमान में भारी गिरावट आई है और मौसम में ठंडक घुल गई है। लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। इधरी धान की खड़ी फसलें तेज हवाओं की मार से सोने लगी है।

लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ खेती-किसानी पर भी गहरा असर डाला है। जिले में इस समय धान की फसल अंतिम अवस्था में है और यही समय फसल के लिए सबसे संवेदनशील माना जाता है। ऐसे में लगातार बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई है। एक ओर किसान अपनी फसल को कीट व्याधि से बचाने को लेकर परेशान हैं तो दूसरी ओर बेमौसम बारिश से फसल को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों को इस समय दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

गली-मोहल्लों में जलभराव, जनजीवन अस्त-व्यस्त

लगातार बारिश से शहर से लेकर गांव तक गली-मोहल्लों में पानी भरने लगा है। शहर समेत कई जगहों पर निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कों पर कीचड़ और पानी जमा होने से स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। नालियों के जाम होने से पानी घरों के आसपास भर गया है।

बारिश से किसानों को झेलनी पड़ रही दोहरी नुकसान

बहेराडीह। मौसम बारिश से एक ओर जहाँ जिले के किसान परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ धान की फसल को कीट ब्याधि से बचाने को लेकर किसान परेशान हैं। इस समय किसानो को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। सिवनी के किसान रामाधार देवांगन ने बताया कि इस समय क्षेत्र के किसान अपनी धान की फसल को कीट ब्याधि से बचाने को लेकर परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ बेमौसम बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान हो रही है। बहेराडीह के किसान रामबाई यादव ने बताया कि अर्ली वेरायटी का धान खेतों में पककर तैयार है। कई किसानों के खेतों में धान का करपा पड़ा है। इसी तरह कई किसानों के खेतों में धान की बालियाँ लहलहा रही है, तो अधिकतर किसानों के खेतों में लगी धान की फसल इस समय गम्भोट अवस्था में है। लेकिन बेमौसम बारिश से सभी अवस्था के धान की फसल को नुकसान होगी। इस समय बेमौसम बारिश से एक ओर जहाँ सिंचित क्षेत्र के किसानों के खेतों में लहलहा रहीं धान की फसल को भारी नुकसान होगी। तो वहीं दूसरी तरफ असिंचित क्षेत्र के किसानों के खेतों में लगी धान की फसल के लिए यह बारिश अमृत के सामान साबित हो रहीं है।

मौसम के बदले मिजाज से स्कूलों में एक दिन का अवकाश

अर्नब तूफान को देखते हुए शासन की ओर से स्कूलों में अवकाश घोषित करने के निर्देश जारी किए गए है। जांजगीर चांपा व सक्ती जिले में बुधवार को दिन भर बारिश होती रही। वहीं सर्द हवाए भी चलती रही। ऐसे में स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया। डीईओ एमपी सिंह का कहना है कि गुरूवार 29 अक्टूबर को जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में एक दिन का अवकाश रहेगा।

स्कूली वाहनों की जांच के लिए चला विशेष अभियान, 5 बसों में मिली फिटनेस की खामियां

अनफिट वाहनों पर चालानी की हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग का संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर जांच की। इस दौरान 5 बसों में फिटनेस संबंधी खामियां मिलने पर चालानी की कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही बच्चों की सुरक्षा की अनदेखी करने पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी गई।

स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस जांजगीर एवं जिला परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत चांपा स्थित हसदेव पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती स्कूल मंदिर की 21 स्कूली बसों की जांच की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप टीम ने जांच की। जांच के दौरान 5 बसों में फिटनेस संबंधी कमियां पाई गई। खामिया पाए जाने पर जिला परिवहन विभाग द्वारा संबंधित वाहनों के विरुद्ध 25 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान बस चालकों एवं संचालकों को वाहनों की फिटनेस दुरुस्त रखने, सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने से रोकने एवं यातायात नियमों का पालन कराने के संबंध में सख्त समझाइश दी गई। स्कूली बच्चों की सुरक्षा की अनदेखी करने पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी गई। एडिशनल एस पी ट्रैफिक उदयन बेहार का कहना है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जा सकता। यह संयुक्त चेकिंग अभियान जिले के सभी स्कूलों में लगातार जारी रहेगा।



स्कूली वाहनों की जांच करती संयुक्त टीम

यात्री बसों की जांच, किया गया चालान

यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से परिवहन विभाग की आरटीओ टीम द्वारा जांजगीर-चांपा से कोरबा मार्ग पर संचालित यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट एवं अन्य आवश्यक वैधानिक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जांच में कुछ यात्री बसों में निर्धारित किराया सूची चस्पा नहीं होना तथा स्पीड गवर्नर नहीं पाया जाना जैसी अनियमितताएं सामने आईं। इसके अतिरिक्त वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन की भी जांच की गई। गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित बस संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम एवं संबंधित नियमों के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए 18 हजार 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

कत्तानुमा हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

सार्वजनिक स्थान पर कत्तानुमा हथियार लेकर घूमने और लोगों को डराने- धमकाने की सूचना पर पामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कत्तानुमा हथियार को जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना



मिली कि एक व्यक्ति पामगढ़ में शव परीक्षण गृह के सामने कत्तानुमा हथियार लेकर घूम रहा है तथा आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और गवाहों की उपस्थिति में घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी की पहचान कन्हैया कश्यप उर्फ मोनू उम्र 27 साल निवासी चंडीपारा पामगढ़ के रूप में हुई। जिसके कब्जे से एक कत्तानुमा धारदार हथियार को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मवेशी तस्करी के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपी गिरफ्तार, 19 मवेशी किए थे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मवेशी तस्करी के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है।

इस संबंध में पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बोरसी निवासी रामसागर महिलांगे अपने साथियों



के साथ मवेशियों को मारते-पीटते तथा बिना चारा-पानी के हांकते हुए ग्राम डोंगाकोहरौद की ओर ले जा रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामसागर महिलांगे उर्फ ढुलू को डोंगाकोहरौद से पकड़ा। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार किए जाने पर उसे पूर्व में गिरफ्तार कर मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। पूर्व में 7 भैंसी व 12 भैंस समेत कुल 19 मवेशियों को जब्त किया गया था, जिसकी करीब 2.50 लाख रुपए कीमत आंकी गई थी। मामले में शामिल अन्य आरोपी सरोज कुमार यादव उम्र 54 साल निवासी कोसा एवं तुम्मन यादव उम्र 21 साल निवासी बोरसी थाना पामगढ़ जो घटना दिनांक से फरार चल रहे थे, उनको मुखबिर सूचना से पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

शासकीय कार्यालयों में लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी

लाखों की लागत से बने पार्किंग शेड को छोड़कर जहां-तहां खड़ा कर रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

लाखों की लागत से बने पार्किंग शेड का उपयोग नहीं हो पा रहा है। वहीं लोग जहां तहां अपनी वाहन को खड़ी कर देते है। जिससे कामकाम कराने पहुंचे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अफसरों को कोई सरोकार नहीं है।

ज्ञात हो कि एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं उप-पंजीयक कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री सहित न्यायालयीन एवं अन्य शासकीय कार्यों के लिए



तहसीलदार आफिस के सामने बेतरतीब ढंग से रखे वाहन।

पहुंचते हैं। आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए परिसर के पीछे की ओर लाखों रुपये की लागत से टिन शेड का निर्माण कराया गया है, ताकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया जा सके।लेकिन विडंबना यह है कि पार्किंग के लिए बनाए गए शेड का उद्देश्य ही जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। वाहन चालक शेड में वाहन खड़ा करने के बजाय परिसर के मुख्य मार्ग, कार्यालयों के सामने और आने-जाने वाले रास्तों पर ही दोपहिया व चारपहिया वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर रहे हैं। इससे कार्यालय पहुंचने वाले आम लोगों को पैदल चलने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति यह है कि कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी भी कई बार अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय इधर-उधर खड़े कर देते हैं। इससे न केवल परिसर में अव्यवस्था दिखाई देती है, बल्कि शासकीय कार्यालय परिसर की छवि भी प्रभावित हो रही है। एसडीएम और तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय पहुंचते हैं, बावजूद इसके व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था को लेकर अब तक ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। लोगों का कहना है कि केवल कार्यालयीन फाइलों का निपटारा ही पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यालय आने वाले नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और परिसर की व्यवस्था पर भी अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश विश्वकर्मा, विजेंद्र पाल शतरंज ने मांग की है कि पार्किंग शेड का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराया जाए तथा कोटवारों की ड्यूटी लगाकर मुख्य रास्तों पर वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई कर परिसर में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

सार्वजनिक जगह पर तलवार लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

आम जगह पर लोहे की धारदार तलवार लेकर राहगीरों को डरा-धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे की धारदार तलवार जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 28 अक्टूबर को थाना बिर्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गतवा राधाकृष्णा चौक के पास तुकाराम साहू नाम का व्यक्ति अपने पास लोहे की तलवार लेकर रोड में आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। तलवार के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी अपने पास रखने, खरीदी-बिक्री करने के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का यह कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाए जाने से धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण के आरोपी तुकाराम साहू को बुधवार 28 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव सहित पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री के पिता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का भाजयुमो ने किया विरोध



चाम्पा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिता के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गयी अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो की नगर मंडल इकाई द्वारा मंगलवार 28 अक्टूबर को दोपहर शहीद भगत सिंह चौक में उनका पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष योगराज टिकरिहा के आव्हान और भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े व भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित पार्टी नेताओं ने राजनीतिक दलों के नेताओं से सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा का उपयोग किये जाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे उनके संस्कारों का भी पता चलता हैं। इसके बाद नारेबाजी करते हुए सभी ने कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला दहन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अनंत थवाईत, भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष गोपाल मित्तल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष लव कुमार देवांगन, भाजपा नगर कार्यालय मंत्री सुभाष शर्मा, कौशल अग्रवाल, जागेश्वर केशरवानी, नितेश साहू, उदयशंकर देवांगन, मन हरण देवांगन, विनय बघेल, रोहित शर्मा, दुर्गेश साहू के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम स्थगित

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला भवन में गुरुवार 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाले करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की आगामी तिथि एवं आयोजन से संबंधित जानकारी अलग से दी जाएगी।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर शबरी मंदिर में भजन कीर्तन



खरौद। शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्री लक्ष्मणेश्वर एवं माता शबरी के रामायण कालीन प्राचीन धार्मिक नगरी , छत्तीसगढ़ के काशी खरौद के छठवी शताब्दी में निर्मित भक्तिमती माता शबरी मन्दिर में 25 अक्टूबर को नगर के महिला भजन मण्डली द्वारा माता शबरी के धूप दीप से पूजनोपरांत भक्तिभाव पूर्वक भजन कीर्तन का शुभारंभ किया गया। मण्डली ने देवी देवताओं से संबंधित भक्तिपूर्ण सुंदर कर्णप्रिय मधुर स्वर में लय एवं स्वर के साथ मनमोहक भजन और कीर्तन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं के मन को मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम में महामाया आध्यत्म परिषद के सदस्य धनसाय यादव ने अपने संबोधन में शरदपूर्णिमा के महत्व को दर्शाते हुए यह कहा कि शरदपूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की किरणों में अमृतत्व होता है। इसलिए खीर से भरे पात्र को खुली चाँदनी में रखकर बाद में प्रसाद रूप में ग्रहण करना चाहिए। हेमलाल यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि सत्संग से चरित्र का निर्माण होता है, इसलिए सत्संग करो और चरित्रवान बनों। चरित्र के बिना ब्यक्ति का अस्तित्व अधूरा है। चरित्र है तो सबकुछ है, चरित्र चला गया तो सबकुछ चला गया। खोया हुआ धन स्वास्थ्य यश सबकुछ पाया जा सकता है, पर यदि चरित्र में धब्बा लग गया तो वह कभी नही मिटता।इसलिए कुसंगति से बचना चाहिए। कुसंगति में एक बार यदि कोई फंस गया तो जीवनभर पछताना पड़ता है। कुसंगति काजल की कोठरी है। कहा भी गया है कोई काजल के कोठरी में घुस जाय तो उसको काजल का दाग लगना ही लगना है। पूर्णमासी भजन कीर्तन कार्यक्रम में गौरी यादव तिरबेनी यादव, चन्द्रप्रभा यादव, सरस्वती, सुमित्रा, मदालसा, कावेरी, भगवती यादव, भगवती साहू, जानकी यादव, छोटी देवांगन, शांति, परमेश्वरी, फूलबाई, शतरूपा, चंद्रकला शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जानकी यादव द्वारा खीर का प्रसाद वितरण किया गया।



सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत विशेष विधिक जागरूकता शिविर

बच्चों को अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना जरूरी: साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

बच्चों को यौन शोषण से बचाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संत थामस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मालखरौदा में पॉक्सो एक्ट पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों की व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और निशुल्क विधिक सहायता सहित बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति मालखरौदा की अध्यक्ष सुश्री साक्षी ध्रुव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की थीम 'जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चे का अधिकार' है, जबकि इसका मूल संदेश 'हर बच्चे का बचपन हम सबकी जिम्मेदारी है' है। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहने तथा ऐसी स्थिति में बिना डर के विश्वसनीय व्यक्ति या संबंधित प्राधिकरण को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। पॉक्सो एक्ट, 2012 के कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए न्यायाधीश साक्षी ध्रुव ने



शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देती न्यायाधीश सुश्री साक्षी ध्रुव।

बताया कि यह एक सख्त एवं लिंग-निरपेक्ष कानून है, जो 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और अश्लील सामग्री से जुड़े अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में कानून में संशोधन कर दंड के प्रावधानों को और कठोर बनाया गया। गंभीर यौन अपराधों के मामलों में कानून के तहत मृत्युदंड तक का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून की जानकारी और सामाजिक जागरूकता दोनों आवश्यक हैं। कार्यक्रम में अधिकार मित्र शांति कुर्रे ने पॉक्सो अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और बाल संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष पॉक्सो न्यायालयों की व्यवस्था की गई है। ऐसे मामलों की अनिवार्य रिपोर्टिंग भी महत्वपूर्ण है। घटना की जानकारी होने पर उसे छिपाने या रिपोर्ट नहीं करने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा संस्थान के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो सकती है। इस दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही संकट में फंसे बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में संत थामस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विजय लारेंस, समस्त शिक्षकगण, विद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बच्चों को समझाए 'गुड टच-बैड टच' के मायने

सक्ती। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय कसेपारा (सक्ती) में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत 28 अक्टूबर को एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सुश्री शुभदा गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल अधिकारों एवं उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सुश्री शुभदा गोयल की उपस्थिति में विद्यालय के डिजिटल बोर्ड के माध्यम से छात्र-छात्राओं को 'गुड टच और बैड टच' तथा नाबालिगों से जुड़े पॉक्सो अधिनियम पर आधारित शिक्षाप्रद एवं लघु चलचित्र दिखाए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इन चलचित्रों के आधार पर बच्चों से संवाद किया और उन्हें पॉक्सो एक्ट के कानूनी प्रावधानों, अपराधों से बचाव और स्वयं की सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान प्राचार्य आर. एस. देवांगन उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की जागरूकता और सुरक्षा के लिए इस प्रकार के विधिक शिविरों को अत्यंत प्रासंगिक और आवश्यक बताया। कार्यक्रम के मंच संचालन व्याख्याता देवाशीष बनर्जी द्वारा किया गया। इस शिविर में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में विद्यार्थी और पैरालीगल वालंटियर मनीष साहू, प्रहलाद बंजारे उपस्थित रहे, विद्यार्थी जिन्होंने इस अभियान के तहत अपने अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण विधिक जानकारियां प्राप्त कीं।



कानून के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करने विधिक मार्गदर्शन कार्यक्रम



जांजगीर-चांपा। ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जांजगीर में विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर परमेश्वर राठौर, सुशील सूर्यवंशी, राजेश कश्यप एवं डालेश्वर पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों, यातायात नियमों , बाल विवाह ,चाइल्ड हेल्पलाइन, साइबर फ्रॉड तथा पॉक्सो एक्ट के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बाल श्रम के दुष्परिणामों, यातायात नियमों के पालन तथा बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें कानून के प्रति सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को कानून की जानकारी देने, अपने अधिकारों को समझने तथा समाज में व्याप्त समस्याओं के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी भी शामिल हुए। मंच संचालन शिक्षिका किरण गोयल ने तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका प्रिया कोसरे ने किया।

बच्चों को बाल संरक्षण एवं उनके अधिकारों के बारे में दी गई जानकारी



जांजगीर-चांपा। डेस्टीनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर में 27 अक्टूबर को विधिक साक्षरता दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट राशि कांकरवाल और कोमल कीर्ति उरांव ने बच्चों को बाल संरक्षण और पास्को से जुड़े हुए कानून और अधिकारों के बारे में स्कूल के बच्चों को जागरूक किया । बच्चो को गुड टच बैड टच के बारे में भी विस्तार से समझाया गया । पैरालीगल वालंटियर श्रीमती देव कुमारी रात्रे, पैनल अधिवक्ता दिलीप कुमार रात्रे ने भी बच्चो को नाबालिग बच्चों से संबंधित कानून के बारे में बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकगण प्रिंसिपल रवि शंकर निर्मलकर, श्रद्धा रितु निर्मलकर, शिवम सिंह, आदर्श किशोर सिंह,वासुदेव, संजय मानिकपुरी, सुशीला राकेश, सपना सिंह, मिष्ठी साहू और स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे ।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पहल, विकासखंड स्तरीय आकलन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

समग्र शिक्षा की समावेशी शिक्षा योजना के अंतर्गत विकासखंड - मालखरौदा में आंगनबाड़ी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के दिव्यांग उम्र 3 से 18 वर्ष आयु के बच्चों को

■ आंगनवाड़ी से 12वीं तक के दिव्यांग बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू

27 अक्टूबर को विकासखण्ड स्तरीय आकलन शिविर आयोजित किए गए । जिसमें एलिम्को के सहयोग , स्वास्थ्य विभाग ,समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित शिविरों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगता आधारित मूल्यांकन, आवश्यकता निर्धारण तथा यूनिक आईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने संबंधी कार्यवाही की गई।

मालखरौदा के सद्भावना भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कवि वर्मा जनपद अध्यक्ष , विशिष्ट


शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने संबंधी कार्रवाई करते अधिकारी।

अतिथि रितेश साहू उपाध्यक्ष, सूरजभान राठौर, समाज शिक्षक संगठक, एलिम्को से तकनीकी सहायक गजेन्द्र साहू , कु पुष्पांजलि स्वान ,जिला चिकित्सक बोड सकती से आर के राज शिशु रोग विशेषज्ञ, किरण बिंझवार नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, सिद्धार्थ कुमार अर्थो विशेषज्ञ, सीताराम पटेल ,समाज कल्याण विभाग से यूडीआईडी तकनीकी सहायक तुमन कवर ,रवि कुमार , मालखरौदा बी एम ओ मृत्युंमजय राठौर जी , डाक्टर हर्ष देव बंजारे। विकासखंड विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहनलाल प्रधान, विकासखंड स्त्रोत खंड समन्वयक लकेश्वर श्याम, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री आर्मो , योगेश कुमार चौहान बीआरपी सुनील कुमार शांडिल्य बीआरपी बृजेश कुमार स्पेशल एजुकेटर, दुलेश्वर प्रसाद बरेठ, लेखापाल ,एवं हरिराम कर्ष ,लोचन कर्ष,राजेश यादव अजय कश्यप गजेंद्र पटेल अविनाश सिदार प्रकाश बंजारे, शिविर में उपस्थित हुए । दिव्यांग बच्चों के नए मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने एवं यूडीआईडी कार्ड बनवाने, सहायक उपकरण का चिन्हांकन, छात्रवृत्ति हेतु दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन उद्देश्य के साथ शिविर का आयोजन किया गया । दिव्यांग बच्चों की सिविल में 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के बारे में पालकों को जानकारी दी गई ,और बच्चों के पठन हेतु बच्चों को स्कूल प्रवेश एवं स्कूल में लाभान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने एवं नवीनीकरण कार्य सरलता से करने पर लाभान्वित योजनाओं का जानकारी पलकों को दिया गया। दिव्यांग बच्चों के सहायक उपकरण का उपयोग एवं रखरखाव आवश्यकताओं के बारे मे दिव्यांग बच्चों को जानकारी प्रदान किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने 'विकसित भारत' पर रखे विचार



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित प्रतिभागी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गुंजन एजुकेशन स्कूल, सक्ती में भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के मार्गदर्शन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। छात्राओं के ओजस्वी वक्तव्य, तार्किक अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में 'विकसित भारत', 'भविष्य के छत्तीसगढ़ में मेरी भूमिका', 'लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया' तथा 'भारत की सांस्कृतिक विरासत और इसकी आधुनिक आकांक्षाएं' जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। छात्राओं ने इन विषयों पर अपने विचार रखते हुए राष्ट्र निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों, प्रदेश के विकास और भारतीय संस्कृति की महत्ता को रेखांकित किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने, विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने और समसामयिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर मिला। कार्यक्रम के जिला संयोजक राम नरेश यादव रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल उपस्थित रहे। वहीं, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद अग्रवाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. श्याम चंदा तथा विद्यालय के प्राचार्य नितिन सोनी की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्राओं की प्रतिभा और प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि राम अवतार अग्रवाल ने अपने संबोधन में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवाओं को लोकतंत्र की प्रक्रिया को समझते हुए जागरूक नागरिक बनना चाहिए और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को निरंतर अध्ययन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

■ गुंजन एजुकेशन स्कूल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

सिद्धार्थ ने जीती आल इंडिया आई पी एस सी शूटिंग चैंपियनशिप



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित हुए आल इंडिया आई पी एस सी शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में सिद्धार्थ पाण्डेय ने स्वर्ण पदक पर निशाना लगाया। वर्तमान में वो रायपुर के राजकुमार कालेज में पढ़ रहे हैं,जहां देश के विभिन्न राज्यों जैसे राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश, हिमांचल प्रदेश के 25 नामी गिरामी स्कूलों से प्रतिभागी आए थे। अंडर 14 ब्वॉयज वर्ग की प्रतियोगिता में उनका चयन टीम वर्ग में हुआ था, जिसमें उनके साथी आदित्य प्रताप सिंह और अवीर जय सिंह थे। सिद्धार्थ ने चार चरणों की रेंज शूटिंग के दौरान क्रमशः 85, 89, 92 और 90 अंक अर्जित करते हुए टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया था। सिद्धार्थ बचपन से ही काफी प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहें है, उनकी प्राथमिक स्तर की शिक्षा जांजगीर के प्रतिष्ठित लोटस पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा में हुई थी। उनके पिता मनींद्र कुमार पाण्डेय और मां श्रीमती रोशनी पाण्डेय के साथ ही दादी-दादा ने इस जीत पर प्रसन्नता जाहिर की। सिद्धार्थ ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कोच सीता को समर्पित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में देश के लिए स्वर्ण पदक लाने की इच्छा जाहिर की।

सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव

केवल किताबी ज्ञान नहीं, चरित्र और संस्कार भी जरूरी : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, चांपा नगर की विक्रम शाखा सरस्वती नगर के तत्वावधान में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में भव्य विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामप्रपन्न देवांगन तथा मुख्य वक्ता जिला संघचालक हेमलाल सिंह उपस्थित रहे। उत्सव में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं नगरवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान धर्म की विजय, चरित्र निर्माण, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के साथ भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि विजयादशमी धर्म और अधर्म के संघर्ष में धर्म की विजय का प्रतीक है। अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न दिखाई दे, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्ति के जीवन में चरित्र,




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

ईमानदारी और संस्कारों का होना भी उतना ही आवश्यक है। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान अर्जित करने के साथ व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करना भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना जरूरी है। संस्कारवान एवं चरित्रवान नागरिक ही मजबूत समाज और राष्ट्र की नींव रखते हैं। संघ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि संघ के कार्यक्रमों में अनुशासन और भव्यता का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। समाज में राष्ट्रभावना, सेवा और अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आयोजन में आमंत्रित किए जाने पर आयोजकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। मुख्य वक्ता जिला संघचालक हेमलाल सिंह ने विजयादशमी के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक है। भारतीय परंपरा में यह पर्व सदियों से सत्य, धर्म और विजय का प्रतीक रहा है। महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास पूर्ण होने के बाद पांडवों ने विजयादशमी के अवसर पर अपने शस्त्र पुनः धारण किए थे। इसी संदर्भ में शस्त्र पूजन की परंपरा का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी और आज संघ का कार्य भारत के साथ विश्व के अनेक देशों तक पहुंच चुका है। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन सहित पर्व की परंपराओं और उनके महत्व को रेखांकित किया गया।

नाम परिवर्तन सूचना
प्रारूप-(एक)
मैं पितर सिदार (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र बीर सिंह गांव फगुरम तहसील अड़भार जिला सक्ती छत्तीसगढ़ में अपना नाम पितर सिदार (पुराना नाम) से बदलकर पितर राम सिदार (नया नाम) रख लिया है।
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
(पितर सिदार)

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता बसाहिन बाई पति स्व. बंशीलाल थवाईत निवासी चांपा, शिव कुमार, चंद्रशेखर, अजीत कुमार, आशा सोनी पिता स्व. बंशीलाल थवाईत निवासी चांपा जिला-जांजगीर -चांपा छ.ग. के द्वारा ग्राम चांपा तहसील चांपा स्थित भूमि जिसका खसरा क्रमांक 362/5 है। जिसका कुल रकबा 12.5 डिसमिल है का पक्का सौदा तय कर हमारे द्वारा बयाना राशि दी जा चुकी है, अतः इस सौदे के बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर समस्त दस्तावेजों सहित हमारे समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् की गई किसी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जाने
चांपा, दिनांक - 29/10/2026
भवदीय
विवेक केशरवानी,
पिता स्व. रामकिशोर केशरवानी
निवासी-चांपा,
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. नं. -9827961862, 9302395355



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।




हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।

कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।



कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने शिक्षकों व प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



चांपा। बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा 25 अक्टूबर को होम सिटी, ओम सिटी चांपा में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों, नवाचार से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले शिक्षकों तथा कक्षा दसवीं, बारहवीं और महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, रायगढ़ की महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक, ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल-अकलतरा की प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह तथा सुप्रसिद्ध महिला पर्वतारोही एवं एवरेस्ट विजेता अमिता श्रीवास उपस्थित रहीं। छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू आयोग के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह में लगभग 30 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं, शिक्षा एवं समाज के प्रति दीर्घकालीन योगदान के लिए छह शिक्षकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, नवाचारी कार्यों के लिए चार शिक्षकों को इम्पैक्ट मेकर अवॉर्ड तथा उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए 16 शिक्षकों को बेस्ट टीचर अवॉर्ड प्रदान किया गया। फाउंडेशन का उद्देश्य प्रतिभाओं को पहचान दिलाने, विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करने तथा शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और सामाजिक योगदान को प्रोत्साहित करना है। संस्था शिक्षा, सेवा और इंसानियत के मूल्यों को केंद्र में रखकर सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रही है।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक आमंत्रित


सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

युवा संसद चैंपियनशिप 31 को, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर रखेंगे विचार

जांजगीर-चांपा। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद चैंपियनशिप का आयोजन 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रखा गया है। इसका उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों, तार्किक चिंतन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।18 से 25 वर्ष के युवा ले सकेंगे हिस्साप्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकेंगे। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसार होगी। प्रतिभागियों को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। मूल्यांकन विषय की प्रासंगिकता, भाषण की स्पष्टता, संवाद कौशल, हाव-भाव, रचनात्मकता, भाषा एवं समय-सीमा के पालन के आधार पर किया जाएगा।शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मिलेगा राज्य स्तर पर अवसरजिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

अकलतरा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत ग्राम लटिया में महिला स्व-सहायता समूहों का वार्षिक अधिवेशन एवं महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला समूहों की पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुईं। जनपद पंचायत अकलतरा के सभापति ईश्वर साहू ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला परिवार, बच्चों की शिक्षा और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने महिलाओं से समूहों को मजबूत बनाने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। ग्राम लटिया के सरपंच रशिक बिहारी सिंह ने कहा कि महिला स्व-सहायता समूह गांव के विकास और सामाजिक एकता की मजबूत कड़ी हैं। बचत, स्वरोजगार और सामूहिक प्रयासों से ग्रामीण परिवारों को आर्थिक मजबूती मिल रही है।सम्मेलन में महिला समूहों की एकजुटता, संगठन की मजबूती और आत्मनिर्भरता पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बांके बिहारी सिंह, पंचायत सचिव ध्रुव शर्मा, राजू सिंह, सरस्वती महिला समूह की अध्यक्ष शिव कुमारी साहू, उमा सिंह सहित बिहान मिशन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चंद्रमणी साहू, सीमा साहू, सक्रिय महिला चम्पा साहू एवं तोषिका श्रीवास, अनिता नेताम, ग्राम संगठन की अध्यक्ष तथा विभिन्न महिला समूहों की अध्यक्ष, सचिव और सदस्य शामिल हुईं।





पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं आज रखेंगी व्रत

करवा चौथ को लेकर बाजार गुलजार श्रृंगार सदनों दिनभर लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पति की लम्बी आयु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं गुरुवार 29 अक्टुबर को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस दिन महिलाएं पूरे दिनभर निराहार रहकर निर्जला उपवास रहेंगी। शाम को सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर उगते चंद्र को अर्ध्य देंगी व निर्जला व्रत का कथा श्रवण की जाएगी। श्रृंगार सदनों में बुधवार को महिलाओं भीड़ देखी गई।

धार्मिक मान्यतानुसार बारह महीने में बारह चतुर्थी पड़ती है। इस दौरान कार्तिक मास के कृष्णाक्ष के चतुर्थी को मनाया जाने वाले इस व्रत को करवा चौथ कहते है। महिलाएं अपने अखंड सुहाग की कामना को लेकर उपवास रखती है। इस दिन महिलाएं सुबह से ही निर्जला व्रत रहकर शाम को नई नवेली दुल्हन की तरह सज-धज कर रात में चंद्रमा को साक्षी मानकर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। इस पर्व में शिव-पार्वती की पूजा के साथ भगवान कार्तिकेय की पूजा को अधिक फलदायी बताया जाता है। सौभाग्य सामाग्री को करवा (मटकी) में रखकर पूजा की जाती है। इसकी विधी-विधान के साथ पूजा कर भगवान में चढ़ाई गई सुहाग की सामाग्री को किसी बड़ी बुजूर्ग सुहागिन को देकर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया जाता है। संध्याकाल में पूजा के पश्चात



बाजार में पूजा सामग्री की खरीददारी करती महिलाएं।

करवा चौथ की कथा श्रवण का पुण्यलाभ मिलता है। रात में चंद्रदेव को छलनी से देखकर जल और दूध से अर्ध्य देकर आरती उतारी जाती है। इसके बाद महिलाएं अपने पति की पूजा कर आरती उतारती है, फिर पति का हाथ से जल ग्रहण कर उपवास तोड़ती है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है तथा उन्होंने इसकी तैयारी एक दिन पूर्व ही शुरु कर दी है। श्रृंगार सदनों में बुधवार को इनकी भीड़ देखी गई। वहीं सजने-संवरने के लिए पार्लरों में गुरुवार को भीड़ रहेगी। दिन भर उपवास रहने के बाद शाम को महिलाएं पूजा करने के लिए तैयार होती है। इस दिन महिलाएं एकदम नई नवेली दुल्हन की तरह दिखने के लिए सज-धज कर तैयार होती है इसके लिए वे एक दिन पहले से ही तैयारी में लग जाती है। इसके लिए एक सप्ताह पहले ही ब्यूटी पार्लरों में मेकअप को लेकर बुकिंग शुरू हो जाती है। मेकअप के साथ मेंहदी का भी मांग जोरो पर रहती है। शादीशुदा महिलाएं अपनी पति के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को लेकर यह व्रत करती है।

रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाएगा व्रत, मौसम बदलाव का रहेगा असर

पति की दीर्घायु की कामना से रखा जाने वाला निर्जला व्रत करक चतुर्दशी करवा चौथ व्रत 29 अक्टूबर गुरुवार को रोहिणी नक्षत्र में उत्पाद योग में मनाया जावेगा। मौसम में बदलाव का असर करवा चौथ व्रत के दिन विशेष तौर पर रहेगा। आसमान में बादल घिरे रहने की संभावना है। प्राकृतिक आपदा के कारण आसमान में बादल छाए रहने की वजह से करवा चौथ में चंद्र दर्शन नहीं हो पाएगा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पंडित किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण सर्वप्रथम गणेश शिव पार्वती कार्तिकेय चौथ माता का पूजन कर ले। चंद्र दर्शन नहीं होने पर चांदी की चंद्रमा या चावल से उनके प्रतिबिंब बनाकर उनकी पूजा कर अर्क देखकर व्रत पूर्ण किया जा सकता है। इसके अलावा बुजुर्गों से आशीर्वाद आज्ञा लेकर पति रूप चंद्र के दर्शन कर व्रत पूजा आदि पूर्ण करने का विधान है इसलिए आसमान में बादल छाए रहने से भ्रमित ना हो। पंडित किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि व्रती महिलाएं पंचांग से उदय के समय को देखकर के उस दिशा में चंद्रमा को ध्यान कर व्रत पूर्ण किया जा सकता है। स्थानीय देव पंचांग के अनुसार चंद्र उदय का समय 8:13 मिनट है। काशी विश्वनाथ पंचांग मता अनुसार 8:18 पर चंद्र उदय है, इस अवधि में चंद्र देव का पूजन कर अपना मनोकामना पूर्ण करें।



मिट्टी के दीयों के उपयोग और स्थानीय बाजार को बढ़ावा देने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दीपावली के पावन पर्व पर मिट्टी के दीयों का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा स्थानीय बाजार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेल विशर फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ में जागरूकता अभियान चलाया गया।

■ भाषण के साथ आयोजित की गई मिट्टी के दीये बनाने की प्रतियोगिता

इस अवसर पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता एवं मिट्टी के दीये बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, पारंपरिक कला और स्थानीय कारीगरों के महत्व से परिचित कराना था। वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने कहा कि संस्था पिछले पांच वर्षों से लगातार जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को प्रेरित कर रही है कि दीपावली जैसे सबसे बड़े त्योहार पर मिट्टी के दीयों का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे हमारे कुम्हार भाइयों की मेहनत को सम्मान मिलेगा और उनकी आजीविका को सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही ऑनलाइन खरीदारी पर निर्भरता कम कर स्थानीय बाजार से खरीदारी करने की आदत को बढ़ावा देना भी इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। संस्था के सदस्य सतीश मानिकपुरी ने कहा कि त्योहार का वास्तविक अर्थ खुशियां बांटना है। इस अवसर पर फिरोज कश्यप, मन्नू थवाईत, त्रियुगी नारायण पटेल एवं रूपेश कंवर ने भी अभियान के उद्देश्य पर अपने विचार रखे और स्थानीय उत्पादों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ की शिक्षिका श्रीमती शबीना बानो खान ने वेल विशर फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मिट्टी के दीयों का उपयोग हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को मिट्टी के दीये अपनाने तथा स्थानीय बाजार से खरीदारी करने के लिए जागरूक करेंगी। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठक श्रीमती सिद्धि सिदार, सहायक शिक्षक श्रीमती शबीना बानो खान, श्रीमती हेमलता यादव, श्रीमती शशि कंवर, श्रीमती मीना बंजारे एवं डमरूधर उपस्थित रहे।

आशिहारा कराटे फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ प्रथम एवं पश्चिम बंगाल द्वितीय



अतिथि के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आशिहारा कराटे छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 24 एवं 25 अक्टूबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम, सक्ती में आशिहारा कराटे ऑल इंडिया फेडरेशन कप 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और मार्शल आर्ट कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने प्रथम, पश्चिम बंगाल ने द्वितीय तथा महाराष्ट्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

■ प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मार्शल आर्ट कौशल का किया प्रदर्शन

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, फुटबॉल संघ के सचिव दीपक गुप्ता, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी एन.पी. गोपाल, जिला कबड्डी संघ के सचिव हरि पटेल सहित अन्य अतिथियों एवं आशिहारा कराटे इंटरनेशनल के वर्ल्ड हेड मास्टर कायचो हुसैन नारकर, शिहान दया शंकर पाल, शिबुचो स्नेहसिस डे और शिहान गौतम मलिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन 24 अक्टूबर को काता तथा दूसरे दिन 25 अक्टूबर को सबकी/कुमिते स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश बंसल तथा नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। कायचो हुसैन नारकर ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले राज्यों के प्रमुखों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयोजन के संबंध में सेंसाई एम. विकास देवांगन ने कहा कि सक्ती में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन का मंच प्रदान करने के साथ आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिबुचो स्नेहसिस डे, सेंसाई पुतुल डे, मनी कुमार यादव, एम. विकास देवांगन, राजेश यादव, कुन्तला यादव तथा ब्लैक बेल्ट बिमल बेरा, मुकेश निषाद, आशीष गोंड और शत्रुघ्न सिदार का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन देवाशीष बनर्जी एवं संदीप देवांगन ने किया। अंत में सेंसाई एम. विकास देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

प्रेम और सद्भाव से ही मिलता है सम्मान : सविता

चांपा। द मॉडर्न विलेज में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथा वाचिका श्रीमती सविता गोस्वामी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, माखन चोरी, समुद्र मंथन एवं गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कथा वाचिका सविता दीदी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के निर्मल प्रेम और निश्छल भाव से बंध जाते हैं। उन्होंने संदेश दिया कि सफलता के साथ विनम्रता, प्रेम और दूसरों के प्रति सम्मान का भाव बनाए रखना ही सच्ची महानता है। गोवर्धन लीला के माध्यम से



उन्होंने प्रकृति, गौवंश और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता तथा ईश्वर पर अटूट विश्वास रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि फलदार वृक्ष की डालियां जिस प्रकार झुक जाती हैं, उसी प्रकार सच्चा ज्ञानी अपनी उपलब्धियों पर अहंकार नहीं करता। सम्मान मांगने से नहीं, बल्कि अच्छे व्यवहार से मिलता है। कथा श्रवण करने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, चूड़ामणि राठौर, डॉ. रविंद्र द्विवेदी, शशिभूषण सोनी, अधिवक्ता अवधेश गुप्ता, उपेंद्रधर दीवान, नरेश स्वामी, अमरनाथ सोनी, मनीष पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

